Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 20-03-2007

Participants : Chavda Shri Harisinh

an>

Title: Need to extend the sheds over platform Nos. 1, 2 & 3 at Palanpur railway station, Banaskantha, Gujarat.

श्री हरिसिंह चावड़ा (बनासकांठा) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के बनासकांठा के पालनपुर रेलवे स्टेशन पर आदर्श स्टेशन के अंतर्गत निर्माण किया गया है और सुविधाएं भी दी गई हैं परन्तु प्लेटफार्म एक, दो एवं तीन पर जो शेड हैं, वह बहुत ही छोटे हैं और आवश्यकता के हिसाब से बहुत कम है जिसके कारण यात्रियों को सर्दी, गर्मी बरसात के मौसम में कई दिक्कत उठानी पड़ती हैं और उनका सामान भीग जाता है। इन प्लेटफार्म के शेडों को लम्बा और बड़ा किये जाने हेतु कई वर्ों से मांग की जा रही है परन्तु अभी तक इन शेडों का निर्माण नहीं किया गया है। यहां के लोगों का कहना है कि पालनपुर रेलवे स्टेशन पर सुविधाएं भी आदर्श स्टेशन के तहत नहीं दी गई हैं। इसकी जांच करना भी आवश्यक है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि पालनपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म एक, दो एवं तीन पर शेडों को मांग के अनुरूप बनाया जाए।